मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक / बी–5 / 2 / मण्डी बोर्ड / वेबसाईट / 2019–20 / 1137 भोपाल दिनांक 11 जून 2019
प्रति,

(01) संयुक्त संचालक / उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल / इंदौर / उज्जैन / ग्वालियर / सागर / जबलपुर / रीवा (म0प्र0)

(02) भारसाधक अधिकारी / सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति,
............................ जिला ........................ (म0प्र0)

विषयः–मण्डी बोर्ड की नवविकसित वेबसाईट पर दैनिक आवक एवं भाव की प्रविष्टि संबंधी।
संदर्भः–कार्यालयीन पत्र क्रमांक / बी–5 / 2 / मण्डी बोर्ड / वेबसाईट / 2018–19 / 1115 दिनांक 04 मई 2019।

–0–

उल्लेखित विषय में अंचल की मण्डियों में आवक होने वाली प्रत्येक जिन्स की दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी की डाटा रिपोर्टिंग नियमित रुप से प्रति कार्य दिवस मण्डी बोर्ड की नवविकसित वेबसाईट पर सुनिश्चित कराने के निर्देश संदर्भित पत्र के द्वारा दिये गये हैं। साथ ही इसी आशय के निर्देश दिनांक 20 मई 2019 को सम्पन्न विडियो कान्फ्रेंस समीक्षा बैठक में भी दिये गये हैं।

दिनांक 04 जून 2019 को मण्डी बोर्ड की नव विकसित वेबसाईट पर मण्डी समितियों की दैनिक डाटा रिपोर्टिंग माह मई 2019 की समीक्षा में निम्नानुसार स्थिति पाई गई है :–

| संभाग | दैनिक डाटा रिपोर्टिंग माह मई 2019 की अंचलवार एवं दिवसवार स्थिति | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल मण्डियॉ | 25 से 31 दिन | 20 से 24 दिन | 10 से 19 दिन | 01 से 09 दिन | कुल डाटा रिपोर्टिंग | कुल डाटा नॉट रिपोर्टिंग |
| भोपाल | 49 | 4 | 7 | 7 | 10 | 28 | 21 |
| इंदौर | 32 | 12 | 4 | 5 | 3 | 24 | 8 |
| उज्जैन | 42 | 7 | 6 | 16 | 9 | 38 | 4 |
| ग्वालियर | 45 | 5 | 3 | 6 | 8 | 22 | 23 |
| सागर | 36 | 2 | 5 | 8 | 7 | 22 | 14 |
| जबलपुर | 35 | 13 | 7 | 3 | 6 | 29 | 6 |
| रीवा | 18 | 4 | 2 | 3 | 2 | 11 | 7 |
| **योग :–** | 257 | 47 | 34 | 48 | 45 | 174 | 83 |

01/ उपरोक्त समीक्षा में प्रदेश की संलग्न सूची अनुसार जिन 81 मण्डियों के द्वारा माह में 20 दिवस से 31 दिवस तक की अवधि की डाटा रिपोर्टिंग की गई है उन मण्डियों के सचिव एवं डाटा रिपोर्टिंग कार्य में लगे मण्डी कर्मी बधाई के पात्र हैं।

Sandeep

02/ उपरोक्त समीक्षा में प्रदेश की संलग्न सूची अनुसार जिन 93 मण्डियों के द्वारा माह में केवल 01 दिवस से 19 दिवस की अवधि के मध्य अंतराल (कुछ दिवस की व कुछ दिवस नहीं की) से डाटा रिपोर्टिंग की गई है अर्थात शेष कार्य दिवस डाटा रिपोर्टिंग नहीं की है।

इस स्थिति से स्पष्ट है कि उपरोक्त मण्डियों के सचिव के द्वारा मण्डी बोर्ड की नव विकसित वेबसाईट पर दैनिक आवक–भाव की जानकारी दर्ज करने के कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है और न ही उनके द्वारा इस कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है।

03/ उपरोक्त समीक्षा में अंचलवार संलग्न सूची अनुसार प्रदेश की जिन 83 मण्डियों के द्वारा माह में एक दिवस भी डाटा रिपोर्टिंग नहीं की है अर्थात उनकी प्रगति शून्य रही है।

इस स्थिति से स्पष्ट है कि उपरोक्त मण्डियों के सचिव के द्वारा अपने कर्तव्यों का भली–भांति निर्वहन न कर कोई प्रभावी प्रयास नहीं किया गया है साथ ही मण्डी बोर्ड की नव विकसित वेबसाईट पर दैनिक आवक–भाव की जानकारी दर्ज करने के कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है और न ही इस कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है। जो कि आपके द्वारा कर्तव्य निष्पादन में उदासीनता बरतने तथा मुख्यालय के निर्देश के पालन में कोताही का द्योतक है।

अतः अंतिम रुप से निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त यथा संदर्भित पत्र में की गई अपेक्षाओं के अनुरुप मण्डी बोर्ड की नव विकसित वेबसाईट पर अंचल की मण्डियों में आवक होने वाली प्रत्येक जिन्स की दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी प्रति कार्य दिवस निर्धारित स्कीन में दर्ज/डाटा रिपोर्टिंग कराना सुनिश्चित करें।

04/ मण्डी बोर्ड की नव विकसित वेबसाईट पर दैनिक डाटा रिपोर्टिंग कार्य को मॉनिटर करने एवं मण्डीवार समीक्षा करने संबंधी रिपोर्टस का समावेश किया गया है, जिसका दैनिक रुप से उपयोग सुनिश्चित करें।

इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये की जिन्सों की आवक केवल "क्विंटल" में ही दर्ज की जाये।

<u>संलग्न :– उपरोक्तानुसार।</u>

(फैज अहमद किदवई)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/मण्डी बोर्ड/वेबसाईट/2019–20/1138 भोपाल दिनांक 11 जून 2019
प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(02) श्री कुलदीप सिंह चौहान, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, क्रिस्प संस्था, श्यामला हिल्स, भोपाल :– मण्डी बोर्ड की नवविकसित वेबसाईट पर मण्डी समितियों की दैनिक आवक एवं भाव की डाटा रिपोर्टिंग की स्थिति को मण्डी, आंचलिक स्तर एवं मण्डी बोर्ड मुख्यालय से मॉनिटर किया जाना आवश्यक है ताकि कार्य को गति दी जा सके। इस कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश मण्डी बोर्ड के चीफ प्रोग्रामर श्री संदीप कुमार चौबे को दिये हैं, उनसे विचार विमर्श कर आवश्यक रिपोर्टस की उपलब्धता माह जून 2019 की समाप्ती के पूर्व सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

(03) श्री विपिन शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, क्रिस्प संस्था, श्यामला हिल्स, भोपाल।

(04) श्री आसिफ खान, सीनियर साफ्टवेयर इंजीनियर, क्रिस्प संस्था, श्यामला हिल्स, भोपाल।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
SK भोपाल

**प्रदेश की मंडी समितियों द्वारा दैनिक डाटा रिपोर्टिंग माह मई 2019**

| S. No. | Division | Total Mandies | Date 25 to 31 | Date 20 to 24 | Date 10 to 19 | Date 01 to 09 | Total Data Reporting | Total Data Not Reporting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhopal | 49 | 4 | 7 | 7 | 10 | 28 | 21 |
| | | | | | | | | |
| 2 | Indore | 32 | 12 | 4 | 5 | 3 | 24 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 3 | Ujjain | 42 | 7 | 6 | 16 | 9 | 38 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 4 | Gwalior | 45 | 5 | 3 | 6 | 8 | 22 | 23 |
| | | | | | | | | |
| 5 | Sagar | 36 | 2 | 5 | 8 | 7 | 22 | 14 |
| | | | | | | | | |
| 6 | Jabalpur | 35 | 13 | 7 | 3 | 6 | 29 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 7 | Rewa | 18 | 4 | 2 | 3 | 2 | 11 | 7 |
| | | | | | | | | |
| | **Total** | **257** | 47 | 34 | 48 | 45 | 174 | 83 |